# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ई-मेल : E-mail :
jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2025/ 878

दिनांक : 05.08.2025

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त शासकीय महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

विषयः- सत्र 2025-26 सम्बद्धता/निरंतरता/निरीक्षण शुल्क जमा करने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, कई शासकीय महाविद्यालयों द्वारा सत्र 2025-26 सम्बद्धता/निरंतरता/निरीक्षण शुल्क आज दिनांक तक जमा नहीं की गयी है। महाविद्यालयों से सम्पर्क करने पर महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा मध्य प्रदेश शासन से अनुदान/बजट आवंटन प्राप्त होने पर सम्बद्धता/निरंतरता/निरीक्षण शुल्क जमा कराये जाने हेतु उल्लेख किया गया।

उक्त संबध में समस्त शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित किया जाता है कि, **सत्र 2025-26 की सम्बद्धता/निरंतरता/निरीक्षण शुल्क जमा किये जाने हेतु एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल की लिंक खोली जा चुकी है।**

**अतः आप दिनांक 18.08.2025 तक अनिवार्य रूप से सम्बद्धता/निरंतरता /निरीक्षण शुल्क की प्रथम किस्त एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल की Affiliation Application Form 2025-26 New लिंक से एवं द्वितीय किस्त Remaining Fees Affiliation लिंक से अनिवार्य रूप से जमा कर विश्वविद्यालय को जमा किये जाना सुनिश्चित करें।**

**निर्धारित अवधि में सम्बद्धता/निरंतरता/निरीक्षण शुल्क जमा नहीं किये जाने पर संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य के विरूद्ध शासन को पत्र प्रेषित कर कार्यवाही किये जाने हेतु लिखा जावेगा। जिसके लिये महाविद्यालय प्राचार्य स्वंय उत्तरदायी होगा।**

07/08/25

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि :-**

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुडा भवन, भोपाल, म.प्र.।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. प्रभारी, आई. टी. सेल. जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु।

**निदेशक,**
**महाविद्यालयीन विकास परिषद्**

179
Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2025-26/D.C.D.C./J.U